**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 2570**

**सोमवार, 9 मार्च, 2026/18 फाल्गुन, 1947 (शक)**

# देश में बेरोजगारी दर

**2570. श्री मुरारी लाल मीना:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि देश में बेरोजगारी दर में वृद्धि हुई है और युवाओं, विशेषकर शिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सीमित हो गए हैं;

(ख) यदि हाँ, तो विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान देश में राज्य और वर्ष-वार बेरोजगारी दर का ब्यौरा क्या है और इसके साथ ही राजस्थान, दौसा जिले/संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए अलग से ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार बेरोजगारी दर का आकलन करने के लिए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण या किसी अन्य पद्धति का उपयोग करती है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यह आंकड़ा कितनी बार एकत्र किया जाता है; और

(घ) सरकार द्वारा देश के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों, जैसे कि राजस्थान के दौसा, में बेरोजगारी की बढ़ती प्रवृत्ति के प्रमुख कारणों के संबंध में किए गए विश्लेषण का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (घ): रोजगार और बेरोजगारी का आधिकारिक डाटा आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) द्वारा एकत्र किया जाता है जिसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से आयोजित किया जा रहा है।

नवीनतम वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति के आधार पर अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) वर्ष 2021-22 में 4.1% से घटकर वर्ष 2022-23 और वर्ष 2023-24 में 3.2% हो गई है और इसी अवधि के दौरान राजस्थान राज्य में यह 4.7% से घटकर 4.4% और फिर घटकर 4.2% हो गई है।

इसके अतिरिक्त, देश के ग्रामीण क्षेत्रों (राजस्थान सहित) में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य स्थिति के आधार पर बेरोजगारी दर वर्ष 2017-18 में 5.3% से घटकर वर्ष 2023-24 में 2.5% हो गई है और इसी अवधि के दौरान देश के शहरी क्षेत्रों में यह 7.7% से घटकर 5.1% हो गई है।

इसके अलावा, देश में 15-29 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए सामान्य स्थिति के आधार पर रोजगार को दर्शाने देने वाला अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) वर्ष 2017-18 में 31.4% से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 41.7% हो गया है। पीएलएफएस रिपोर्ट में विस्तृत कार्यप्रणाली, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र-वार जानकारी उपलब्ध है, जिसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की वेबसाइट https://www.mospi.gov.in/publications-reports पर देखा जा सकता है।

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) वर्ष 2017 से वार्षिक आधार पर और वर्ष 2018 से त्रैमासिक शहरी अनुमानों के साथ आयोजित किया गया है। इसके अतिरिक्त, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जनवरी, 2025 से मासिक और त्रैमासिक ग्रामीण अनुमान जारी किए जाते हैं।

*****